Declaration of Gangasagar in (WB) as National Pilgrimage

1534. SHRI RAGHAVJI:
PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA:

Will the Minister of TOURISM be pleased to state:

(a) whether a proposal to declare Gangasagar in West Bengal as a National Pilgrimage has been received by Government; and

(b) if so, what action has been taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI OMAK APANG): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

पर्यटन स्थलों के रख-रखाव के लिए व्यय की गई राशि

1535. **श्री डी० पी० यादव:** क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1998 के दौरान देश के सभी पर्यटन स्थलों के रख-रखाव हेतु उनके मंत्रालय द्वारा कुल कितनी राशि व्यय की गई; और

(ख) क्या यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है; यदि हां, तो उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ओमाक अपांग): (क) और (ख) पर्यटक स्थलों का रख-रखाव करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, प्रत्येक वर्ष, देश में पर्यटक अवसंरचना के विकास के लिए, प्राथमिकता प्राप्त परियोजनाओं के आधार पर राज्य सरकारों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता मुहैया कराता है।

वर्ष 1998-99 के लिए, पर्यटक अवसंरचना के विकास हेतु बजट प्रावधान, वर्ष 1997-98 में 25.85 करोड़ रु० की तुलना में, 52.80 करोड़ रु० है। वर्ष 1998-99 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त परियोजनाओं के राज्य-वार ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)** निधि का एक तिहाई हिस्सा पहली किश्त में रिलीज कर दिया गया है।

विवरण

वर्ष 1998-99 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त परियोजनाओं के राज्य-वार ब्यौरे

क्रम सं०	राज्य	1998-99 प्राथमिकता प्राप्त परियोजना	1998-99 प्राथमिकता प्राप्त राशि (लाख रु० में)
1.	आंध्र प्रदेश	14	367.08
2.	असम	12	397.00
3.	अरुणाचल प्रदेश	13	432.00
4.	बिहार	12	325.00
5.	गोवा	17	411.00
6.	गुजरात	15	400.00
7.	हरियाणा	12	312.00
8.	हिमाचल प्रदेश	12	532.00
9.	जम्मू व कश्मीर	21	710.00
10.	कर्नाटक	14	455.30
11.	केरल	15	467.00
12.	मध्य प्रदेश	17	421.00
13.	महाराष्ट्र	10	265.00